RCMS/002/अ-20(3)/24-25


# राजस्व आदेश अनुवृत्ति–पत्र

**मामला क्रमांक अ/20(3) वर्ष 2024–25**

| | (2) | (3) |
|---|---|---|
| 12/06/2024 | प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी हटा से प्राप्त। अवलोकन किया।<br>महाप्रबंधक, खड़िया परियोजना पोस्ट शक्तिनगर, जिला सोनभद्र, उ.प्र. वर्तमान, सिगरोली म.प्र. ने मौजा घुघरी प.ह.नं. 54 बमनी, तहसील पटेरा में स्थित भूमि ख.नं. 73 रकवा 92.230 हेक्ट. में से रकवा 53.142 हेक्ट. वन विभाग को हस्तांतरित किये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र क्रमांक 0811280704054-APP-20781418 प्रेषित कर मूल दस्तावेज संलग्न किये जाने के उपरांत विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी हटा को प्रतिवेदन हेतु भेजा गया।<br>अनुविभागीय अधिकारी हटा ने नायब तहसीलदार कुम्हारी तहसील पटेरा से जांच प्रतिवेदन प्राप्त कर प्रकरण प्रस्तुत किया है। नायब तहसीलदार कुम्हारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में लेख किया है, कि रा.नि. एवं हल्का पटवारी से संयुक्त जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन प्राप्त किया गया, जिसमें ग्राम घुघरी प.ह.नं. 54 में स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 73 रकवा 92.23 हेक्ट. में से 53.142 हेक्ट. भूमि नार्दन कोलफील्डस लिमिटेड एन.सी.एल. सिंगरौली गैर वन भूमि वनोपरण (सी.ए.) को हस्तांतरित किये जाने हेतु उपयुक्त पाई गई है। ग्राम में इश्तहार का प्रकाशन कराया गया, कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई। ग्राम पंचायत से अनापत्ति प्राप्त की गई। रा.नि. एवं हल्का पटवारी द्वारा ग्राम का कुल भौगोलिक रकवा 382.96 हेक्ट. ग्राम के गैर खाते का रकवा 281.24 हेक्ट. ग्राम के खाते का रकवा 101.72 हेक्ट. ग्राम में खाते के कुल रकवा के मान से 2 प्रतिशत चरनोई का रकवा 2.02 हेक्ट., ग्राम में उपलब्ध चरनोई का कुल रकवा 59.92 हेक्ट. है, जो 2 प्रतिशत के मान से 57.90 हेक्ट. अधिक है। ख. नं. 73 रकवा 92.23 हेक्ट. मद पहाड़ चट्टान में दर्ज है। अतः ग्राम घुघरी ग्राम पंचायत वमनी प.ह.नं. 54 में स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 92.23 हेक्ट. में से 53.142 हेक्ट. नार्दन कोलफील्डस लिमिटेड एन.सी.एल. सिंगरौली भूमि मद पहाड़ चट्टान में से म.प्र. भू–राजस्व संहिता 1959 की धारा 237(2) के तहत नोईयत परिवर्तन कर म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 के अनुसार प्रतिवेदन अनुविभागीय अधिकारी हटा के माध्यम से प्रस्तुत किया है।<br>अनुविभागीय अधिकारी हटा ने तहसीलदार के प्रतिवेदन से सहमत होते हुये ग्राम घुघरी ग्राम पंचायत वमनी प.ह.नं. 54 में स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 92.23 हेक्ट. में से 53.142 हेक्ट. वनविभाग म.प्र.शासन के हस्तांतरित किये जाने हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया है।<br>प्रकरण में संलग्न दस्तावेजों का परीक्षण किया। कम्प्यूटर अभिलेख खसरा वर्ष 2024–25 में ग्राम घुघरी तहसील पटेरा जिला दमोह में स्थित ख.नं. 73 रकवा 92.2300 हेक्ट. पहाड़ म.प्र. राज्य सरकार चट्टान दर्ज है। ग्राम पंचायत बमनी जनपद पंचायत पटेरा जिला दमोह ने पत्र क्रमांक/गा.पंचा/2024 दिनांक 04.04.2024 से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। वनमंडल अधिकारी, वनमण्डल (सा) दमोह ने पत्र क्रमांक/मा.चि./2269 दमोह दिनांक 01.05.2024 से लेख किया है, कि ग्राम घुघरी में स्थित ख.नं. 73 रकवा 92.93 हेक्ट. में से रकवा 82.62 हेक्ट. वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त पाई गई है। प्रकरण को जिला नजूल निर्वर्तन समिति दमोह में प्रस्तुत किया गया। जिसके प्रस्ताव क्र. 09 बैठक दिनांक 11.06.2024 से प्रकरण को अनुमोदित किया गया है।<br>अतः प्रकरण में संलग्न दस्तावेजों, तहसीलदार पटेरा के जांच प्रतिवेदन एवं अनुविभागीय अधिकारी हटा की अनुशंसा तथा जिला नजूल भूमि निर्वर्तन समिति दमोह से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर शासन की विभिन्न परियोजनाओं में प्रभावित होने वाली वन भूमि के बदले मौजा घुघरी प.ह.नं. 54 तहसील पटेरा में स्थित शासकीय भूमि ख.नं. 73 रकवा 92.230 हेक्ट. में से **रकवा 53.142 हेक्ट.** मद पहाड़ को वन विभाग (म.प्र.शासन) को म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन निर्देश 2020 के अध्याय–02 की कंडिका–16 के तहत निम्नानुसार हस्तांतरित की जाती है।<br>प्रकरण आदेशानुसार कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी हटा भेजा जाता है।<br><br>कलेक्टर<br>जिला–दमोह 12/6/24 | |

Bhumi Avantan Order

Scanned with CamScanner




टीप - लाल स्याही से चिन्हांकित स्थान पर खसरा नं. 56 रकबा 11.872 मे से 5.20 हे० भूमि पर तथा खसरा नं. 7 रकबा 92.23 हे मे से 5.20 हे० भूमि पर अतिक्रमण कर्ताओ द्वारा अतिक्रमण किया गया

टीप० खसरा नं० 73 रकबा 92.23 हे० मे से 53.142 हे० रकबा हस्तान्तरण हेतु प्रस्तावित है।

आवेदन क्रमांक - RS/428/0718/4354/2024

सत्यापित प्रतिलिपि

टीप - श्रीमान् कलेक्टर महोदय के मामला क्रमांक 23 अ/20(3) वर्ष 2024-25 आदेश 12/06/2024 के अनुसार शासकीय भूमि 73 रकबा 92.23 हे० मे से रकबा 53.142 हे० भूमि लाल स्याही अंकित के दर्शित तरफ भूमि हस्तान्तरण के लिए उपयुक्त है।

Asati
प.ह.न. 54

सत्यप्रतिलिपि
तहसीलदार
पटेरा